Press Release

TATA POWER-DDL

मंगलवार, 2 जुलाई, 2024

नई दिल्ली

तुरंत प्रभाव से जारी

# व्यापक सुरक्षा इंतजामों के साथ टाटा पॉवर-डीडीएल मानसून के लिए तैयार

मानसून सीजन को देखते हुए उत्तरी दिल्ली में 20 लाख से ज्यादा ग्राहकों को बिजली की आपूर्ति करने वाली अग्रणी विद्युत सेवा-प्रदाता टाटा पॉवर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टाटा पॉवर-डीडीएल) अपने ग्राहकों की कुशलता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने और बिजली से जुड़ी घटनाओं को कम करने हेतु पूर्व-सतर्कता इंतजामों के साथ पूरी तरह से तैयार है। सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुसार टाटा पॉवर-डीडीएल वर्षा ऋतु से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए निरीक्षण एवं मरम्मत कार्यों सहित व्यापक सुरक्षा इंतजाम कर रही है।

मानसून के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु टाटा पॉवर-डीडीएल ने ग्राहकों के लिए निम्नलिखित दिशानिर्देश जारी किये हैं:

- बरसात में खम्भों, ट्रांसफॉर्मरों और सब-स्टेशनों जैसे बिजली के उपकरणों से दूर रहें।
- कोई भी गिरी या लटकती हुई बिजली की तार दिखने पर टाटा पॉवर-डीडीएल की हेल्पलाइन 19124 पर तुरंत सूचना दें।
- इलेक्ट्रिकल एप्लायंस को भीगा हुआ न छोड़ें, और ना ही उन्हें गीले हाथों से छुएं।
- किसी भी खुले सॉकेट या तार को अकेला न छोड़ें।
- मीटर रूम या खम्बों में स्पार्क होने पर ग्राहक सहायता के लिए हमारे टोल-फ्री नंबर 19124 पर कॉल कर सकते हैं।
- इलेक्ट्रिकल फाल्ट से अपने घर को बचाने के लिए सर्किट ब्रेकर या सर्ज प्रोटेक्टर जैसी सेफ्टी डिवाइस का इस्तेमाल करें।
- घर पर हमेशा एक 'टैस्टर' रखें। अगर स्विच गीला है, तो उसे छुए नहीं। सबसे पहले टैस्टर के जरिए जाचें कि बिजली लीक तो नहीं हो रही। जरूरत पड़ने पर अपने इलेक्ट्रीशियन को कॉल करें।

मानसून से पहले सुरक्षा इंतजामों के अंतर्गत डिस्कॉम सार्वजनिक स्थानों में लगे विद्युत उपकरणों और तारों का निरीक्षण और मरम्मत करवा रही है। एमसीडी/ डीडीए पार्कों में लगे 1,73,109 बिजली के खम्भों, 1734 पीडब्ल्यूडी/ एमसीडी खम्भों, 492 एटीएम और 1549 स्ट्रीट लाइटों के खम्भों की लीकेज जांच की गई है। विद्युत्त प्रतिष्ठानों (इलेक्ट्रिकल इंस्टालेशंस) की अर्थिंग की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए उसकी अच्छी तरह से मरम्मत की गई है।

भारी वर्षा से जल-भराव, तेज हवाएं और बिजली गिरने जैसी कई चुनौतियां सामने आती हैं, जिसका विद्युत ढांचे को काफी नुकसान होता है। इस चुनौतियों को देखते हुए टाटा पॉवर-डीडीएल ने अपने प्रयास तेज कर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित कर खतरों को कम करने करने के लिए उपभोक्ताओं के बीच विद्युत सुरक्षा पर जागरूकता फैलाने जैसे सक्रिय उपाय करने शुरू कर दिए हैं।

असर को व्यापक करने मानसून तैयारियों के अंतर्गत टाटा पॉवर-डीडीएल आने वाले महीनों में बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अस्पताल, मॉल, स्कूलों और कॉलेजों जैसे सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में लगे मीटरों को जांचने के लिए नियमित तौर पर जा रही है। इसके अलावा वनस्पति प्रबंधन के पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि विद्युत उपकरणों पर पेड़ ना गिरें, जिसके कारण बिजली की आपूर्ति बाधित हो।

मानसून रणनीति पर टिप्पणी करते हुए **ऑपरेशन एवं सेफ्टी चीफ श्री राजेश बहल** ने कहा, "हमारे व्यापक सुरक्षा इंतजाम इन चुनौतियों का तुरंत समाधान करने के लिए इस तरह तैयार किए गये हैं, कि हमारे ग्राहकों को बिजली

की निर्बाध आपूर्ति मिले, और वर्ष के दौरान वे सुरक्षित भी रहें। हम अपने ग्राहकों से सावधान रहने और जारी किए गए सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने का आव्हान करते हैं। हम साथ मिलकर एक सुरक्षित और जोखिम-मुक्त मानसून सुनिश्चित कर सकते हैं।"

किसी भी असुरक्षित स्थिति अथवा खतरे की सूचना देने और तुरंत सहायता के लिए टाटा पॉवर-डीडीएल से संचार माध्यमों में बढ़ोतरी की है, जो इस प्रकार हैं:

·***1.Toll-Free Number: 19124***

·***2.Mobile App: TPDDL Connect***

·***3.Website: www.tatapower-ddl.com***

***4.WhatsApp Number: 7303482071***

·***5.Missed Call Service: 9619619124***

समस्या होने पर सहायता के लिए हमारी चैटबोट 'रोशनी' भी ग्राहकों की सेवा में तत्पर रहती है। हमारी आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमें भी हाई अलर्ट पर हैं, और मानसून के दौरान आने वाली किसी भी बिजली से जुड़ी आपातकाल स्थिति से निपटने और बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आपके साथ खड़ी हैं।

टाटा पॉवर-डीडीएल अपने उपभोक्ताओं के लिए बिजली की निर्बाध आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी से सुरक्षा के सर्वोच्च मानक सुनिश्चित करते हुए से सावधान रहने का आव्हान करते हैं, और किसी भी सुरक्षा संबंधी इमरजेंसी में हमारी हेल्पलाइन 19124 पर 24-घंटे संपर्क कर सकते हैं। हम सभी का आव्हान करते हैं कि वे मानसून के मौसम में सुरक्षित रहने के लिए जागरूक रहें और आवश्यक सावधानियां बरतें।

**टाटा पॉवर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के बारे में:**

टाटा पॉवर-डीडीएल के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.tatapower-ddl.com पर जायें।

टाटा पॉवर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड टाटा पॉवर और दिल्ली सरकार का साझा उपक्रम है। टाटा पॉवर-डीडीएल उत्तरी दिल्ली की 7 मिलियन जनसंख्या को में बिजली वितरण की सेवाएं प्रदान करती है। विद्युत् वितरण संबंधी सुधारों को लागू करने के मामले में अग्रणी रहने के साथ टाटा पॉवर-डीडीएल अपनी ग्राहक अनुकूल कार्यप्रणाली के लिए भी जानी जाती है। निजीकरण के उपरान्त टाटा पॉवर-डीडीएल के कार्यक्षेत्र में समग्र तकनीकी एवं वाणिज्यिक (एटीएंडटी) क्षति में रिकॉर्ड गिरावट आई है। वर्तमान में एटीएंडटी क्षति 5.9% है, जोकि जुलाई, 2002 के प्रारंभिक क्षति स्तर 53% से अभूतपूर्व रूप से कम है।


अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

**कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स:** **स्लॉ पीआर:**

सोनिया सरीन (9910292599) अभिषेक आनंद (9711061540)